सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 24 | रांची, शुक्रवार 26.01.2024 | माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 194



सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

रांची, शुक्रवार 26.01.2024 | माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 194



गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई

अनिल उरांव
जिला सचिव
जेएमएम
लोहरदगा



गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई

साजिद अहमद

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई

एक शुभचिंतक
चास चंदनकियारी,
जिला-बोकारो

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई

एक शुभचिंतक
सेक्टर-4 बोकारो

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई

मनीर उरांव
जिला अध्यक्ष भाजपा
लोहरदगा

गणतंत्र दिवस पर कैरो वासियों को हार्दिक बधाई



किशोर उरांव
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
प्रखंड कैरो






गणतंत्र दिवस पर कैरो वासियों को हार्दिक बधाई



मो. अख्तर आलम
समाजसेवी, हनहट कैरो

गणतंत्र दिवस पर कैरो वासियों को हार्दिक बधाई



जगरनाथ यादव
समाजसेवी
सदाबे, कैरो

गणतंत्र दिवस पर कैरो वासियों को हार्दिक बधाई

अंचल परिवार
कैरो अंचल

गणतंत्र दिवस पर कैरो वासियों को हार्दिक बधाई



सुरेंद्र साहू
जनवितरण प्रणाली दुकान
संचालक, प्रखंड कैरो

गणतंत्र दिवस पर कुडुवासियों को हार्दिक बधाई



सुमित्रा कुमारी
मुखिया, सलगी पंचायत कुडू,
जिला-लोहरदगा।

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई

तारिणी प्रसाद
मुखिया
जिला अभियंता, जिला परिषद (लोहरदगा)

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई



कमलेश प्रसाद
साहू
समाजसेवी सह संवेदक, जिला-लोहरदगा।

गणतंत्र दिवस पर कुडुवासियों को हार्दिक बधाई



मो. अफरोज
प्रखंड सचिव, जेएमएम कुडू,
जिला-लोहरदगा।

गणतंत्र दिवस पर कैरोवासियों को हार्दिक बधाई



कुलदीप साहू
पूर्व उप मुखिया ग्राम पंचायत
गजनी, कैरो, जिला-लोहरदगा।

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई



मुज्जम्मिल
अहमद
जिलाध्यक्ष, जेएमएम (लोहरदगा)

श्री सुदेश महतो जिंदाबाद श्रीमती नीरू शांति भगत जिंदाबाद, कमल किशोर भगत अमर रहे



निवेदक
अरविंद यादव
केंद्रीय सचिव, आजसू पार्टी

गणतंत्र दिवस पर किस्कोवासियों को हार्दिक बधाई



संदीप कुमार गुप्ता
जिला परिषद सदस्य
किस्को, जिला-लोहरदगा

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई



सुदर्शन भगत
सांसद, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई



फरहान अंसारी
समाजसेवी, इस्लाम नगर (लोहरदगा)

गणतंत्र दिवस पर लोहरदगा जिलावासियों को हार्दिक बधाई

प्रखंड कार्यालय
परिवार
प्रखंड कार्यालय, कैरो (जिला-लोहरदगा)।

गणतंत्र दिवस पर कैरो वासियों को हार्दिक बधाई



बैकुंठ शुक्ला
लाइनमैन कैरो पावरग्रिड

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
रांची, शुक्रवार 26.01.2024 khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 194

### सूचना एवं शुभकामना

गणतंत्र दिवस के मौके पर खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस 26 जनवरी शुक्रवार को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को 28 जनवरी को मिलेगा। तमाम पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हाकर- एजेंट बंधुओं और तमाम शुभचिंतकों को गणतंत्र दिवस की खबर मन्त्र परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं- सं.

## देश के नाम संबोधन में राष्ट्रपति ने राम मंदिर, कर्पूरी ठाकुर का किया जिक्र

# भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगा अमृत काल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कल के दिन देश संविधान का उत्सव मनायेगा। राष्ट्रपति ने कहा, संविधान की प्रस्तावना हम भारत लोग से शुरू होती है। ये शब्द हमारे संविधान के मूल भाव को रेखांकित करते हैं। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक



दौर से गुजर रहा है। यह परिवर्तन का समय है। हमें देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का सुनहरा अवसर दिया गया है। हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण होगा। देश के वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ पहले से कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य हासिल कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण के लिए एक क्रांतिकारी पहल साबित होगा। यह हमारे शासन की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी काफी मदद करेगा। अपने समबोधन में राष्ट्रपति ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और कपूर्री ठाकुर का जिक्र किया। उन्होने कहा भारत लोकतंत्र की जननी है।

### कर्पूरी ठाकुर पिछड़े वर्गों के सबसे महान पक्षकार

राष्ट्रपति ने कहा, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि सामाजिक न्याय के लिए अनवरत युद्धरत रहे, कपूर्री ठाकुर की जन्म शताब्दी का उत्सव कल ही संपन्न हुआ। वह पिछड़े वर्गों के सबसे महान पक्षकारों में से एक थे। उन्होंने अपना सारा जीवन उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जीवन एक संदेश था। अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए मैं कपूर्री जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने का कहा, इस सप्ताह की शुरूआत में हमने अयोध्या में निर्मित गौरवशाली नये मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा देखी, जो ऐतिहासिक थी। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश की सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। रामलला का भव्य मंदिर न केवल देश की शोभा बढ़ाता है बल्कि लोगों के विश्वास की अभिव्यक्ति के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया में लोगों के भारी विश्वास का प्रमाण भी है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

## न्यूज डायरी

### राज्यपाल रांची और सीएम दुमका में फहरायेंगे तिरंगा

**रांची।** गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में तिरंगा फहरायेंगे। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन उप राजधानी दुमका में झंडोत्तोलन करेंगे। सीएम गुरुवार को ही दुमका पहुंच गये। मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद सेना और अर्धसैनिक बल के जवान परेड करेंगे। सरकार विभागों की ओर से झाकियां भी निकाली जायेगी।

### सीएमओ का इडी को जवाब 31 मार्च तक समय संभव नहीं

**रांची।** इडी के 9वें समन पर सीएम हेमंत सोरेन ने इडी को जवाब भेजा है। पत्र के माध्यम से दिये गये जवाब में व्यस्तता का हवाला दिया गया है। सीएम ने 31 मार्च तक पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं रहने की बात कही है। 20 को इडी ने सीएम आवास पर करीब सात घंटे तक पूछताछ की थी।

### राष्ट्रपति ने झारखंड को दिया इनोवेटिव अवार्ड

**रांची।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिल्ली में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सिस्टम एनालिस्ट को इनोवेटिव अवार्ड दिया।

## झारखंड की चामी मुर्मू व पूर्णिमा महतो को पद्मश्री

**वेंकैया नायडू, वैजयंती माला सहित पांच को पद्म विभूषण। मिथुन चक्रवर्ती समेत 17 को पद्म भूषण । चामी, सुरेंद्र किशोर समेत 34 को पद्मश्री**





**नयी दिल्ली।(एजेंसी)** झारखंड की चामी मुर्मू और पूर्णिमा महतो को पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है। 52 साल की चामी मुर्मू को देश भर में सरायकेला की सहयोगी के नाम से जाना जाता है। वहीं जमशेदपुर निवासी आर्चरी कोच पूर्णिमा महतो को इससे पहले उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह स्टार तीरंदाज दीपिका सहित कई खिलाड़ियों को ट्रेनिंग भी दे चुकी है।

सरायकेला-खरसावां जिले की रहने वाली आदिवासी महिला चामी मुर्मू ने पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काफी काम किया है। पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान के लिए समाज सेवा के क्षेत्र में उन्हें पद्म श्री पुरस्कार देने की घोषणा की गयी। भारत सरकार की ओर से इसकी घोषणा कर दी गयी है। 3,000 महिलाओं के साथ मिलकर चामी ने 30 लाख से अधिक पेड़ लगाये हैं। चामी मुर्मू लेडी टार्जन के नाम से भी मशहूर हैं। उन्होंने 30 हजार से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जोड़ा है। एसएचजी से जुड़ने के बाद 40 से अधिक गांवों की इन महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आया। चामी मुर्मू ने इन्हें रोजगार से जोड़ा, जिसकी वजह से उनके सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ, महिलाएं सशक्त हुईं। इतना ही नहीं, चामी मुर्मू ने सहयोगी महिला नामक एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के जरिए कई सामाजिक काम किए. सुरक्षित मातृत्व पर उन्होंने जोर दिया। एनीमिया और कुपोषण के अलावा किशोरी शिक्षा की दिशा में भी काम किया। चामी मुर्मू ने वन की अवैध कटाई के खिलाफ जंग छेड़ी। उन्होंने लकड़ी माफिया और नक्सली गतिविधियों के खिलाफ भी पूरे समर्पण के साथ अभियान चलाया।

# बिहार में हलचल तेज, कभी भी कुछ संभव

**नीतीश के यहां जुटे जदयू नेता तेजस्वी कर रहे पार्टी की बैठक**

**शाह के बुलावे पर सम्राट दिल्ली पहुंचे, साथ ही केसी त्यागी भी**

**भाजपा ने सभी विधायकों को पटना बुलाया**

एजेंसी







नयी दिल्ली, पटना। बंगाल के बाद बिहार में भी सियासी हलचल तेज हो गयी है। कभी भी कुछ हो सकता है। गुरुवार को बिहार कैबिनेट की बैठक तो हुई, लेकिन एजेंडा सामने नहीं आया। राहुल गांधी की रैली में जाने का कार्यक्रम भी नीतीश कुमार ने रद्द कर दिया है। पटना में पार्टी नेताओं का उनके घर जमघट लगा हुआ है। राजद नेता तेजस्वी यादव पार्टी नेताओं के साथ आपात बैठक कर रहे हैं। जीतन राम मांझी के बाद भाजपा ने भी अपने विधायकों को पटना में रहने का निर्देश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बुलावे पर प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सम्राट चौधरी दिल ली पहुंच गये हैं।

उनके साथ ही उसी फ्लाइट से जदयू नेता और नीतीश के राजनीतिक सलाहकार केसी त्यागी भी दिल्ली पहुंचे हैं। पटना में सीएम आवास पर जदयू के तमाम बड़े नेताओं का जमघट लगा हुआ है।

**नीतीश और रोहणी के पोस्ट से आया भूचाल :** बिहार में सियासी भूचाल में नीतीश कुमार और लालू की पुत्री रोहणी के पोस्ट से और तेजी आ गयी। नीतीश ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट को संशोधित कर पीएम मोदी का नाम जोड़ा। वहीं कुछ घंटे पहले रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला किया। हालांकि कुछ देर के बाद ही रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखी बात को डिलीट भी कर दिया। लगातार बदल रहे घटनाक्रम से यह दिखने लगा है कि हो न हो बिहार में कुछ बड़ा होने जा रहा है।

### मोदी-शाह व नड्डा बना रहे रणनीति

इससे पहले पीएम मोदी ने अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। दिल्ली में कल रात हुई इस बैठक में बिहार के सियासी हालात को लेकर पार्टी के नेताओं के साथ चर्चा की है। इसके बाद ही गुरुवार को प्रदेश पार्टी अध्यक्ष चौधरी दिल ली बुलाये गये। सम्राट चौधरी को दिल्ली से बुलावा आना इसी की अगली कड़ी मानी जा रही है। हालांकि भाजपा ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। रेणु देवी समेत पार्टी के कुछ और नेता के दिल्ली गये हैं।



# बुलंद आगाज


राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा ने पश्चिम यूपी के बुलंद शहर से लोकसभा चुनाव का प्रचार आंरभ कर दिया है। कल्याण सिंह के क्षेत्र से ही पहले दो लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रचार आंरभ कर भाजपा जीत दर्ज कर चुकी है। इस रैली में पीएम मोदी ने मोदी की गांरटी को सबसे बड़ी गांरटी बताते हुए कहा कि राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की प्रतिष्ठा को भी आगे ले जाना है। 2047 में भारत को विकसित भारत बनाने के लिये प्रयास करना है और इसे प्राप्त भी करना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसानों का हित हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज सरकार हर किसान परिवार के इर्द-गिर्द एक पूरा सुरक्षा कवच बना रही है। किसानों को सस्ती खाद मिलती रहे इसके लिए बीते वर्षों में हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये खर्च किए। दुनिया में आज यूरिया की जो बोरी 3000 रुपये तक की मिल रही है, भारत के किसानों को 300 रुपये से भी कम में मिल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का पहला नमो भारत प्रोजेक्ट पश्चिमी यूपी में ही शुरू हुआ है। यूपी के कई शहर मेट्रो सुविधा से जुड़ रहे हैं। सरकार के प्रयासों से आज पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाले प्रमुख सेंटर में से एक बन रहा है। आज यह शहर दुनिया भर के निवेश के लिए तैयार है। इसका लाभ पूरे यूपी विशेष तौर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को होगा। बुलंद शहर से 2024 लोकसभी चुनाव का आगाज करते हुए पीएम ने अपना एजेंडा फिक्स कर दिया। राम, रोटी, किसान, मजदूर,महिला और युवा के लिये उन्होंने कई घोषणाओं के साथ वोटरों को साधने का काम आंरभ कर दिया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद मोदी सरकार चुनावी मोड में आ चुकी है।

# झटके पर झटका

देश में 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व जिस उत्साह से इंडि गठबंधन का निर्माण किया गया था वह लगातार झटका खा रहा है। राम मंदिर के कार्यक्रम के बाद ममता बनर्जी से अपना रास्ता अलग करते हुए कांग्रेस की रीत और नीति को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमें अपने न्याय यात्रा में आमंत्रित ही नहीं किया। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं इस मसले पर कांग्रेस के जयराम रमेश का कहना ही मामला सुलझा लिया जाएगा। जबकि पश्चिमब बंगाल में राहुल की यात्रा का विरोध भी टीएमसी ने आंरभ कर दिया है। दूसरी ओर पंजाब से भी आम आदमी पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। सबसे चौकाने वाली सूचना बिहार से आ रही है जहां सीएम नीतिश कुमार ने परिवारवाद के खिलाफ भाषण देकर संकेत दिया है कि वे फिर पलट सकते हैं। बिहार की राजनीति में राजद, जदयू और भाजपा में जब भी दो पार्टी मिल कर चुनाव लड़ती है तब उसे फायदा होता है। वर्तमान समय में इस स्थिति में भाजपा को जद यू का साथ मिल जाए तो बिहार फतह का मार्ग प्रशस्त होगा। सूत्रों के अनुसार इस विषय को लेकर भाजपा की हाई प्रोफाइल मीटिंग हो चुकी है और बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी को दिल्ली तलब कर लिया गया है। अब विपक्षी कुनबा राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के 48 घंटे के अंदर बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है जिसे कई झटके लग चुके हैं। कर्पूरी ठाकुर को देश रत्न से नवाज कर भाजपा ने एक तीर से कई शिकार कर दिये है। स्थितियां ऐसी है कि सीटों के शेयरिंग की काई उम्मीद सामने नहीं दिख रही है। सहयोगी दल कांग्रेस के उपर लगातार आरोप का बौछार कर टूट को हवा दे रहे हैं।

# भारतीय संविधान: शिरोधार्य हो रामत्व





- प्रवीण गुगनानी

> समरसता रामत्व का मूल है। श्रीराम की निषादराज से मित्रता, माता शबरी के झूठे बेरों को खाना, जटायु को उसके अंतिम समय में स्नेह देना, सुग्रीव से मित्रता, हनुमान को गले लगाना आदि आदि जैसी घटनाएं उनकी कथनी व करनी में व्याप्त समरसता का ही द्योतक थी। श्रीराम द्वारा वनवासी हनुमान को भैया लक्ष्मण से भी अधिक प्रिय बताना और यह कहना कि- ह्लसुनु कपि जिय मानसि जनि ऊना तैं मम प्रिय

**समरसता** रामत्व का मूल है। श्रीराम की निषादराज से मित्रता, माता शबरी के झूठे बेरों को खाना, जटायु को उसके अंतिम समय में स्नेह देना, सुग्रीव से मित्रता, हनुमान को गले लगाना आदि आदि जैसी घटनाएं उनकी कथनी व करनी में व्याप्त समरसता का ही द्योतक थी।

रामराज्य एक सनातनी शासन पद्धति है, इस तथ्य को गर्वपूर्वक स्वीकारना चाहिये। जब हेग कन्वेंशन में, युद्ध नियम हमारे सनातनी शास्त्रों से ग्रहण किए जा सकते हैं तो फिर रामराज्य को सनातनी मानने में संकोच क्यों?! यह सर्वसमावेशी, सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी शासन पद्धति है। (उपशीर्षक)

भारतीय समाज में व भारतीय संविधान में ह्लश्रीरामह्व का केवल नाम ही नहीं होना चाहिये है। भारतीय संविधान व समाज में श्रीराम एक अवधारणा, एक संस्थान, एक स्थापना, एक ऊर्जा स्त्रोत, एक प्रेरक तत्त्व, एक आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित होना चाहिये। क्योंकि रामत्व ही तो कलियुग का आधार है। जब ह्लकलयुग केवल नाम अधारा, सिमर-सिमर नर उतरहिं पाराह्व तो फिर हमारा संविधान व समाज भला किस प्रकार रामत्व से वंचित रह सकता है? और यह क्यों रामत्व से वंचित रहे? और, यदि यह रामत्व से दूरी बनाकर भी रखना चाहे तो भी कितने समय दूरी बनाकर रह सकते हैं?! अंततोगत्वा तो भारतीय समाज व संविधान को राममय होना ही है। यही नियति है। यही लक्ष्य भी होना चाहिये। हमें हमारे समस्त संवैधानिक, सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, पारिवारिक संस्थानों को रामत्व की स्थापना व आधार देना ही होगा। अपनी अपने पूजा स्थल में, पूजा पद्धति में राम को सम्मिलित करने की बात नहीं की जा रही है। जीवन पद्धति में श्रीराम को लाने विषयक है यह। यही सटीक व समीचीन तथ्य है आज एक युग का।

कलियुग के हम लोग तनिक अधिक ही स्वार्थी व तनिक अधिक ही स्वयंस्थ हैं, इसलिए राम नाम को हम मूल धारा से अलग रूप में सदैव ही मानते हुए आगे बढ़ते रहते हैं। यह स्वाभाविक भी है। कलियुग के हम भारतीय; स्वयं में, समाज में, संविधान में, रामत्व को अर्थात राम के अंतर्त्तव को विराजित करते रहे हैं, कर पाते हैं, कर रहे हैं; तब ही तो हमारे कालखंड में हम श्रीराम जन्मभूमि का भव्य निर्माण, उसका लोकार्पण अपने नयनों से साक्षात देख पा रहे हैं। रामत्व ने ही हमें सक्षम बनाया कि हम आठ सौ वर्षों के पीढ़ियों के संघर्ष के पश्चात अपने संघर्ष को सफल होते हुए देख पा रहे हैं! हम सफल हुए हैं क्योंकि हमारा समाज रामत्व से सराबोर हो रहा है। राममंदिर का निर्माण हुआ क्योंकि हमारा रामत्व चैतन्य-जागृत हो रहा है।

हमारा संविधान केवल श्रीराम, माता सीता व भैया के लक्ष्मण के चित्र को समेटे हुए नहीं है, यह संविधान रामत्व के भाव को भी शिरोधार्य किए रहना चाहता है। हमारे संविधान का मर्म रामत्व में सराबोर रहना चाहता है। इस तथ्य को जो भारतीय शासक चिन्हित करेगा, पहचानेगा व क्रियान्वित करेगा वही सच्चे अर्थों में भारत का स्वाभाविक व सर्वाधिक योग्य सम्राट होगा। रामत्व, भारतीय समाज, संविधान, निशान के कण-कण मन-मन में धारित हो, मनःस्थ हो, तनस्थ हो इसी में राष्ट्रसिद्धि निहित है। श्रीराम ही तो भारत के सांस्कृतिक, नैतिक और राजनैतिक मूल्यों के आदर्श, प्रेरक व स्त्रोत रहे हैं। उनका व्यक्तित्व एवं जीवन दर्शन हमारे संवैधानिक मूल्यों के समरूप हैं। यदि हम श्रीराम के जीवन चरित के अनुरूप अपने संविधान की कल्पना करें व शेष श्रीराम चरित को भी संविधान में वस्तुतः लागू करें तो हमें विश्व का एक श्रेष्ठतम, कालसिद्ध व कालजयी संविधान मिल सकता है। उस संविधान में वैश्विकता भी प्रदर्शित होगी व समूचे विश्व में वह लागू भी होगा। श्रीराम के उनके भवन में विराजने के पश्चात अब भारतीय समाज, संघ, सत्ता, शीर्ष का यही लक्ष्य होना चाहिये कि संविधान में रामत्व अपने संपूर्ण रूप में विराजित हो। हमारे संविधान में श्रीराम की दयालुता, समरसता, समाज एकता, न्यायप्रियता, कला प्रियता, कर्तव्य परायणता, अधिकार सिद्धता, स्थानीयता, वैश्विकता, भूमि निष्ठा, नभ प्रियता, वैज्ञानिकता, आदि आदि का समावेश हो यही अब प्रत्येक भारतीय का लक्ष्य होना चाहिये।

यह संयोग एक रहस्य लग सकता है कि भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों वाले अंश में ही श्रीराम, माता सीता व भैया लक्ष्मण का चित्र ही क्यों अंकित हुआ? किसके मानस में यह क्यों आया यह कभी किसी ने कहा नहीं। श्रीराम के चित्र का योजन-नियोजन मौलिक अधिकारों वाले भाग में करने की चर्चा किसी ने नहीं की; अर्थात यह अनायास, निष्प्रयास, संयोगवश ही हुआ है! इस संयोग के निहितार्थ हम भारतीयों को समझ लेने चाहिये। भारतीय संविधान के प्राण उसके मौलिक अधिकारों वाले अंश में व उन श्रीराम में ही बसा करते हैं जिनका चित्र-चरित इस अंश में सारगर्भित है।

संविधान के श्रीराम जी वाले चित्र के साथ कुछ अधिकारों की सुनिश्चितता (गारंटी) व राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों की अवधारणा मिलती है। संविधान के इस रामधारी अंश से ही हमें धर्म निरपेक्ष राष्ट्र की नहीं अपितु रामधर्म आधारित संविधान, समाज व राष्ट्र की प्रेरणा मिलती है। हमें धर्म निरपेक्ष नहीं अपितु राम सापेक्ष राष्ट्र चाहिये, क्योंकि राम ही मानवीयता है। भारतभूमि को, राम को, रामत्व को, केवल सनातन मानना छोड़ना होगा। हम रामत्व को सीमित न करें उन्हें उनके अपरिमित वाले स्वरूप में ही स्वीकारें। भारतभूमि के प्रत्येक जीव, जंतु, मानव हेतु रामत्व समावेशित समाज, संविधान, निशान देना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिये।

समरसता रामत्व का मूल है। श्रीराम की निषादराज से मित्रता, माता शबरी के झूठे बेरों को खाना, जटायु को उसके अंतिम समय में स्नेह देना, सुग्रीव से मित्रता, हनुमान को गले लगाना आदि आदि जैसी घटनाएं उनकी कथनी व करनी में व्याप्त समरसता का ही द्योतक थी। श्रीराम द्वारा वनवासी हनुमान को भैया लक्ष्मण से भी अधिक प्रिय बताना और यह कहना कि- सुनु कपि जिय मानसि जनि ऊना तैं मम प्रिय लछिमन ते दूना; उनकी विशालता का प्रतीक था। श्रीराम का हनुमान को अपने सहोदर से अधिक महत्व देने का दृष्टांत आज के शासक वर्ग को व समाज के अग्रणी वर्ग हेतु प्रेरक तत्त्व होना चाहिये।

## खास बात

# जननायक का सम्मान

**वेद विलास उनियाल**

**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी सौवीं जयंती से पहले भारत रत्न का ऐलान करके एक सच्चे जननायक का सम्मान किया गया है। भारतीय राजनीति में कर्पूरी ठाकुर का नाम ऐसे राजनेताओं में शुमार रहा, जो उसूलों पर चलने वाले खांटी ईमानदार नेता थे। बिहार की सियासत में एक बार डिप्टी सीएम और दो बार सीएम रहने के बाद भी उन्होंने राजनीतिक जीवन के लिए कुछ मानक बनाए। कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। वंचित वर्ग के उत्थान के लिए उन्होंने कई कदम उठाए।

अपने गुरु डॉ. राम मनोहर लोहिया के आदर्शों पर चलकर उन्होंने पिछड़ों और कमजोर वर्ग को आगे लाने के लिए अथक प्रयास किए। मुख्यमंत्री रहते पिछड़ों और अति पिछड़ों को मुंगेरी लाल आयोग के तहत आरक्षण दिलाने का काम उनके हाथों ही हुआ। वास्तव में भारत रत्न के लिए उनके नाम का ऐलान भारतीय सियासत में नेताओं की उस परंपरा का सम्मान है जिन्होंने समाज के वंचित पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का अथक प्रयास किया। निश्चित तौर पर मधु लिमये, राम सेवक यादव जैसे नेताओं की श्रेणी में कर्पूरी ठाकुर का नाम भी पूरा सम्मान पाता है। एक तरफ जयप्रकाश नारायण, डॉ. राम मनोहर लोहिया की विरासत को उन्होंने आगे बढ़ाया तो दूसरी ओर अपने दौर के नए युवा समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज, नीतीश कुमार, लालू यादव, राम विलास पासवान का मार्गदर्शन भी किया। वर्ष 1973 में जेपी आंदोलन से जुड़े नेताओं के लिए वह अग्रज की भूमिका में भी रहे।

निःसंदेह, जन्मशती वर्ष में भारत रत्न दिए जाने के ऐलान के साथ ही उनके नाम-काम पर आज की युवा पीढ़ी का भी ध्यान जाएगा। कर्पूरी ठाकुर समस्तीपुर के रहने वाले थे। इनके पिता गोकुल ठाकुर पेशे से नाई थे और कृषि कार्य भी करते थे। उल्लेखनीय है कि 1952 में सोशलिस्ट पार्टी से विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद वह कभी भी चुनाव नहीं हारे। वर्ष 1977 में संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर से चुनाव जीते थे। लोकदल नेता के बतौर 1980 में वह बिहार में नेता प्रतिपक्ष चुने गए थे।

# सन 100 की बात

## विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**इसी** तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वास्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है।वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया। इससे पता चलता है कि तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। आइए मिलते हैं उन वैदिक देवताओं से जो आज के जापान में लोकप्रिय हैं। शुरू करते हैं वैदिक अग्नि और अभिषेक समारोह से।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आक्रामकता नहीं हल

**जरूरत** इस बात की है कि पार्टी संगठन को मजबूत किया जाए। ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान प्रस्तावित विधेयक की प्रतियां फाड़ कर दिखायी थी। उसके बाद मोदी सरकार सत्ता में आई थी। जरूरत संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने की है। राहुल राम को भी नकार रहें हैं क्या यह सही राजनीति है।

– **मधुसूदन शर्मा, रांची**

### वक्त की मांग

**ऑनलाइन** बाजार में होम डिलीवरी के बढ़ते क्षेत्र को देखकर लगता है कि अब सरकारें भी इस कार्यक्षेत्र को अपनाने वाली हैं। इसके चलते अब जनता को घर-घर राशन पहुंचाया जायेगा ताकि किसी को भी राशन के लिए परेशान न होना पड़े। आंध्र प्रदेश सरकार 1 फरवरी से यह ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। जनता को घरों से बाहर निकलने की जरूरत नहीं पड़ती। – **नवज्योत, जमशेदपुर**

**जब** कोई काम नही कर रहे हो तो घड़ी की तरफ देखो ,
और
जब कोई काम कर रहे हो तो घड़ी की तरफ मत देखो ..!!

**–अमिताभ बच्चन**

## आपके X ट्वीट

**झारखण्ड** को हमेशा से खनिज संपदा और खनन के लिए जाना जाता है। वर्षों से उसी को लेकर नीति निर्धारण होता रहा है। मगर हमने राज्य को आगे ले जाने के लिए यहां की सामाजिक, स्वास्थ्य और शैक्षणिक क्षेत्रों पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। **– हेमंत सोरेन**





**विकसित** भारत का निर्माण उत्तर प्रदेश के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। आज बुलंदशहर में विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम का हिस्सा बनकर काफी प्रसन्नता हो रही है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# राघव रंग में डूबा भारतीय गणतंत्र

**- डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'**

## गणतंत्र विशेष

क्या अमेरिका, क्या ब्रिटेन, सभी राष्ट्राध्यक्ष अब केवल भारत की नीतियों से चमत्कृत हो रहे हैं। जब पश्चिम अपनी सांध्य बेला में भारत की बाँसुरी को सुनकर आनंदित हो रहा है, नीतियों में शिक्षा, जनसँख्या नियंत्रण, स्वरोजगार प्रथम हो रहा है, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप भारत वाला प्रभाव अब विश्व को भारत की ओर आकर्षित कर रहा है, साथ-साथ भयाक्रांत भी कर रहा है कि अब भारत एक्सपोर्टर भारत है जहाँ इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट अधिक है। आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है।

भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन् 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई। भारत के संविधान के निमार्ताओं ने प्रथम पृष्ठ पर रामदरबार इसीलिए चुना भी है कि भारत का राजकाज भी रामराज्य जैसा ही न्यायप्रिय, संवेदनशील, सजग और सहानुभूति कारक हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ता भारत इस वर्ष तो लगभग 500 वर्षीय विवाद का हल भी दे गया जिसमें लोग अयोध्या में स्थित आराध्य राम की जन्मभूमि पर राम लला के मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर गणतंत्र भी राघवमय हो रहा है।

भारत के संविधान पर आस्था इसलिए भी होनी चाहिए क्योंकि जिस संविधान ने यह स्पष्ट किया कि भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारतीय संविधान की उद्देशिका यह कहती है कि 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।'

ऐसे महान उद्देश्यों और मनोभावों वाली संरचना से ही भारत की अखण्डता अक्षुण्ण है। भारत की आधारभूत मजबूती और संघीय संरचना का केंद्र भारतीय संविधान है। इसी ने गण और तंत्र के बीच मध्यस्थ की भूमिका में पुल बनाकर राष्ट्र को सबल किया है। विगत एक दशक में भारत के संविधान में आश्चर्यजनक परिवर्तन नजर आए जैसे कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हट जाना और फिर कश्मीर समस्या का हल ही हो जाना, तीन तलाक जैसी विषैली और मुस्लिम स्त्री विरोधी व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना, कई सौ बेकार के कानूनों का संविधान से लोपित हो जाना, एक देश-एक विधान-एक निशान जैसी व्यवस्था का निर्माण हो जाना, संविधान प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करके हर व्यक्ति को उसका मौलिक

# राम मंदिर के प्रभाव से विकास दर 10 प्रतिशत से पार जा सकता है

**पी सबनानी**

## सामयिक

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत की आर्थिक विकास दर जा सकती है 10 प्रतिशत के पारभारत में आधारभूत ढांचे को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा गया है क्योंकि किसी भी देश के आर्थिक विकास को गति देने में आधारभूत ढांचे का विकसित अवस्था में होना अति आवश्यक माना जाता है। भारत में वर्ष 2013 में केवल 4,100 किलोमीटर रेल्वे लाइन का विद्युतीकरण किया जा सका था जो वर्ष 2023 में बढ़कर 28,100 किलोमीटर का हो गया है। राष्ट्रीय हाईवे भी वर्ष 2014 के 25,700 किलोमीटर से बढ़कर वर्ष 2023 में 53,700 किलोमीटर के हो गए हैं और भारत में वर्ष 2014 में केवल 74 एयरपोर्ट थे, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 148 हो गए हैं। इस प्रकार के आधारभूत ढांचे को विकसित करने से भारत में रेल्वे ट्रैक, राष्ट्रीय हाईवे सहित सड़क मार्ग एवं एयरपोर्ट की उत्पादकता बढ़ी है एवं पेट्रोल, डीजल की खपत में कमी होकर देश में पर्यावरण की स्थिति को सुधारने में भी सहायता मिली है।

मुद्रा स्फीति की दर वर्ष 2013 में 10 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई है। इससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है और उनके व्यय करने की क्षमता बढ़ी है। देश में डिजिटल क्षेत्र का तो जैसे कायाकल्प ही हो गया है। वर्ष 2016 में डिजिटल व्यवहार देश के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 4.4 प्रतिशत ही हो पा रहे थे जो वर्ष 2023 में बढ़कर 76.1 प्रतिशत से भी अधिक होने लगे हैं। इसी प्रकार, देश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की संख्या वर्ष 2014 में 16 से बढ़कर वर्ष 2023 में 23 हो गई है, भारतीय मेडिकल संस्थानों (आईआईएम) की संख्या वर्ष 2014 के 13 से बढ़कर वर्ष 2023 में 20 हो गई है, मेडिकल कॉलेजों की संख्या वर्ष 2013 में 385 से बढ़कर वर्ष 2023 में 693 हो गई है और अखिल भारतीय मेडिकल साईंस संस्थानों (ऐमस-एआईआईएमएस) की संख्या वर्ष 2014 में 7 से बढ़कर वर्ष 2023 में 25 हो गई है। कुल मिलाकर पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में महत्वपूर्ण संस्थानों को भारी संख्या में विकसित किया गया है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2014 में 28,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर था जो वर्ष 2023 में दुगने से भी अधिक होकर 60,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। विदेशी निवेशकों का विश्वास भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2013 में विदेशी निवेशकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में 2,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया था जो वर्ष 2023 में दुगने से भी अधिक होकर 4,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है।

अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात को लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि आगे आने वाले समय में भारत के लिए यह अनुपात 100 के स्तर को पार कर सकता है, यदि ऐसा होता है तो यह भारत के आर्थिक विकास को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकता है।

परंतु, भारत में निगमों का औसत ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है और, उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2028 तक केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों का ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात भी कम होकर 80 प्रतिशत के निचले स्तर पर नीचे आ जाएगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# राज्य में चलाए गए दो हैशटैग अभियानों को मतदाता दिवस पर मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश और मार्गदर्शन में पिछले दिनों झारखंड राज्य में चलाए गए सोशल मीडिया अभियानों की सराहना पूरे देश में हुई। दरअसल राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिल्ली में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम के आयोजन में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची के सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील को इन्नोवेटिव अवार्ड प्रदान किया गया।

उक्त अवार्ड मतदाता जागरूकता को लेकर चलाए गए सोशल मीडिया अभियान प्राउड ऑफ माय बीएलओ तथा सीनियर वोटर्स व्वॉयस के लिये दिया गया। इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि यह नेशनल अवार्ड उस हर व्यक्ति का अवार्ड है, जिसने इन हैशटैग अभियानों में हिस्सा लिया था।

इसलिए इस अवार्ड का श्रेय अभियान के सभी भागीदार मतदाताओं को जाता है। इन अभियानों में सरकारी अधिकारियों, मीडिया कर्मियों, महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सभी ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आगे भी इस प्रकार के सोशल मीडिया अभियान जागरूकता के उद्देश्य से चलाए जाते रहेंगे।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के लिए योगेंद्र प्रसाद का नाम आने पर सरकार को जताया आभार

**रांची।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के रूप में योगेंद्र प्रसाद का नाम कैबिनेट से मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गठबंधन की सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आयोग के अध्यक्ष और ट्रिपल टेस्ट करने के लिए कई आंदोलन किया हैं। 14 जनवरी को झारखंड भवन दिल्ली में मंत्री आलमगीर आलम एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 10 दिन का आश्वासन दिया था। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडे के द्वारा दिया गया आश्वासन पर सरकार गंभीर है, सही साबित हुआ है। जिसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। और आभार व्यक्त करता है। प्रदेश अध्यक्ष ने गठबंधन की सरकार से जल्द ही अध्यक्ष के बाद सदस्यों की नियुक्ति कर ट्रीपल टेस्ट की कार्रवाई तेज कर शहरी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्ति कराने की मांग की है।

## लालू यादव को फिर सीबीआई कोर्ट में जमा करना पड़ा पासपोर्ट

**रांची।** चारा घोटाला के अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता राजद सुप्रिमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सीबीआई कोर्ट में अपना पासपोर्ट जमा कर दिया है। लालू यादव के अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने सीबीआई कोर्ट के स्पेशल जज विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में लालू यादव का पासपोर्ट जमा किया। दरअसल चारा घोटाला में दोषी करार दिये जाने के बाद लालू प्रसाद यादव का पासपोर्ट सीबीआई की विशेष अदालत ने जमा करा लिया था। लालू प्रसाद यादव की ओर से पासपोर्ट की अवधि समाप्त होने का हवाला देते हुए रिन्यूएल करने के लिए पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की गयी थी। पिछले वर्ष जून महीने में लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दे दिया था। कोर्ट ने शर्त रखी थी कि पासपोर्ट रिन्यू होने के बाद वह वापस अपना पासपोर्ट सीबीआई कोर्ट को सौंप देंगे।


**75वां गणतंत्र दिवसः 26 जनवरी, 2024**

भारत सरकार

**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**

कांके, रॉंची,–834006, झारखण्ड, भारत

दूरभाष: 0651–2450822, 2451115, 2450448, फैक्स: 0651–2450823, 2450408

सत्यमेव जयते

CIP RANCHI

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं / सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण / ऑकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली–मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651–2451115, 0651–2451116, 0651–2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवा:** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श / काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800–89–14416

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार: मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवार: निद्रा रोग
- बुधवार: क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरुवार: मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवार: वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवार: सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिन: बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुनर्वास / शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकोनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वैस्ट बोकारो बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256–चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड / इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128–चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई. ब्रेन (रु. 2000 / – लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000 / – लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 10 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजिटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz, ऑपट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिलमंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च / RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जॉंच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

















गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Inland
कीमत में कम।।
मजबूती में नं. 1 ।।
झारखंड में पहली बार Steam Curing
तकनीक से बिजली उत्पादन कंपनी द्वारा निर्मित ईंट
नई निर्माण की मजबूत पहचान इन्लैंड ब्रिक्स
7808080908, 7992281043, 9771463589
E-MAIL : sales@inlandbricks.com


75 वें गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शशि शेखर
इंडियन बैंक
शाखा प्रबंधक
कोकर ब्रांच, रांची


CAMBRIDGE GROUP OF INSTITUTIONS
Tatisilwai, Ranchi (Jharkhand). Mob.: 9931444441,9279439460
गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर समस्त देशवासियों को
कैंब्रिज परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
COURSES OFFERED:
Diploma Engineering
B.Tech
M.Tech
M.B.A.
B.Ed.
D.El.Ed.
and CBSE Affiliated Schools.
निवेदक :
जानकी देवी, चेयरपर्सन
**बोकारो।** बोकारो महिला समिति के द्वारा परिक्षेत्रीय गांव की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए परिक्षेत्रीय गांव आमडीह में जरूरतमंद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन वितरित किया गया। मौके पर समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी ने महिलाओं को स्वावलंबी होने का महत्व समझाया तथा उन्हें बताया कि इन सिलाई मशीनों के द्वारा किस प्रकार से स्वरोजगार के माध्यम से अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए धन अर्जित किया जा सकता है। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष प्रीति सरण इति रथ तथा मोनिका रँगानी के साथ समिति की सचिव वंदना झा उप सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी स्वावलंबन प्रभारी कुमुद कुमारी कोषाध्यक्ष रीता रानी सुरभि उप प्रभारी पुष्पा भारतीय नीतू इत्यादि उपस्थित थीं।

## प्रमुख नियोति ने पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष बने योगेंद्र महतो को दी बधाई

**बोकारो/कसमार।** गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर कसमार पेटरवार गोमिया प्रखंड समेत जिले भर के कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है। कसमार प्रखंड प्रमुख सह वरिष्ठ झामुमो नेत्री नियोति कुमारी ने उन्हें अध्यक्ष बनाये जाने पर मुरहबंदा स्थित आवास पहुंचकर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों का आरक्षण तय करना सबसे प्रमुख एजेंडा में से एक होगा। ओबीसी आरक्षण समस्या को लेकर राज्य में निकाय चुनाव समेत अन्य कार्य बाधित है जिसे सभी से राय परामर्श से दूर करना है। मौके पर सिकंदर कपरदार कसमार प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम सोहेल अंसारी मो शेरे आलम पेटरवार प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो प्रकाश महतो संजू देवी आदि शामिल रहे।


**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: QU/40/27/2024/259 Date: 24/01/2024

**E-Tender Notice**

JEPC, Ranchi invites E-Bids from qualified entities in the field of **Printing and Supply of Library Books.** Bidders can download bid documents from website ***https://jharkhandtenders.gov.in*** from 27.01.2024 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 19.02.2024 up to 06:00 PM. The pre-bid meeting will be held on 05.02.2024 at 04.30 PM.

"Nothing like voting, I vote for sure"

(Kiran Kumari Pasi)
State Project Director

PR 316934 (Jharkhand Education Project Council) 23-24 (D)



**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 81/23–24.

1. विभाग का नाम :–उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :–विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :–दिनांक 05/02/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :–दिनांक 06/02/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 06/02/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची./विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :–विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | होटवार, रॉंची स्थित स्टेट फॉरेन्सिक साईन्स एण्ड लेबोरेट्री भवन में तड़ित चालक के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,87,607-00 | 750-00 | 10,000-00 | 14 दिन |

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची

PR316969 (Energy)23-24*D


# एरो लैब का एयर शो रहा आकर्षण का केंद्र

**डीपीएस बोकारो के वार्षिक क्रीड़ा उत्सव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 34वें वार्षिक क्रीड़ा उत्सव समारोह में प्रगति की ओर थीम पर आधारित कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति का सुंदर संदेश दिया। मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त कुलदीप चौधरी व विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार सहित जीजीपीएस सेक्टर 5 के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती एमजीएम के प्राचार्य फादर रेजी सी वर्गीस चिन्मय के प्राचार्य सूरज शर्मा एआरएस के निदेशक आरएल यादव प्राचार्य विश्वजीत पात्रा जीजीएस चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपायुक्त ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व के विकास में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों को आवश्यक बताया। प्राचार्य डॉ गंगवार ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो की कटिबद्धता व्यक्त की। बच्चों ने विभिन्न विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्राओं ने नृत्य व कराटे प्रदर्शन से आत्मरक्षा का संदेश दिया। विद्यालय में नवस्थापित झारखंड के पहले एरो लैब द्वारा एयर शो में बच्चों ने रॉकेट्री एविएशन व एयरोनॉटिक्स का जीवंत प्रदर्शन किया। विभिन्न खेल स्पधाओं में समेकित प्रदर्शन के आधार पर चेनाब हाउस को ओवरआल विजेता जमुना सदन द्वितीय व रावी सदन तृतीय स्थान पर रहे। बालक. बालिकाओं के अलग.अलग समूहों में 100 मीटर 4 गुणा 100 मीटर बैटन रिले रेस लांग जंप हाई जंप डिस्कस थ्रो आदि स्पधाओं में बच्चों ने अपने दमखम दिखाए। सभी विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कृत किया गया।


75 वें गणतंत्र दिवस
पर पूरे देशवासियों को
हार्दिक बधाई।
प्रवीण सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
करणी सेना
(झारखंड)
वरिष्ठ नेता, भाजपा


वृंदावन कंस्ट्रक्शन
की ओर से
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं


प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जिंदाबाद, गृहमंत्री अमित शाह जिंदाबाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जिंदाबाद
केंद्रीय कृषि मंत्री सह जन जातीय मंत्री अर्जुन मुंडा जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद
नरेंद्र भाई मोदी
अमित शाह
जेपी नड्डा
अर्जुन मुंडा
बाबूलाल मरांडी
75 वें गणतंत्र दिवस
पर जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र समेत
तमाम देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
-आपका साथी
विद्युतवरण महतो
सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र, झारखंड

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



## चन्द्रगुप्त कोयला खनन परियोजना केरेडारी/टंडवा

निवेदकः- सीसीएल के प्रस्तावित शुशी इंफ्रा माइनिंग

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



## संजीव कुमार बेदिया

केंद्रीय सचिव, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण पंचायत वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



## मुखिया संघ

केरेडारी प्रखण्ड जिला हजारीबाग

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



## अम्बा प्रसाद

बड़कागांव विधानसभा, विधायक

निवेदकः- रविंद्र गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष, केरेडारी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड व पंचायत वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं



## सकीबा खातून

निवेदकः- मुखिया पति पूर्व मुखिया रब्बानी मियां

मुखिया, ग्राम पंचायत पाण्डु केरेडारी प्रखण्ड (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं

निवेदकः-

## महेश अग्रवाल

कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि टाटीझरिया

गणतंत्र दिवस के अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं

## गौतम कुमार

निवेदक :- बरकट्ठा विधानसभा विधायक प्रत्यासी सह यूवा आंदोलनकारी नेता।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण जिला वासियों को शुभकामनाएं।

## विजय सिंह

उपाध्यक्ष, बार एसोसिएशन हजारीबाग

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड वासियों को जे एस एल परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं।

निवेदक :- प्रबंधक
जेएसएल परिवार टाटीझरिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रखंड वासियों को शुभकामनाएं।

## प्रेमचंद सिन्हा

बीडीओ, चौपारण

|| पर्यावरणों रक्षती रक्षितः ||

## अशोक चौरसिया ट्रस्ट

पंजिकरण संख्या : 2022/DHAN/439/BK4/44

पता : कतरास बजार, धनबाद
झारखंड - 828114



## GURU NANAK MISSION SCHOOL

Registration from C.B.S.E. Affiliated School

## 75वें गणतंत्र दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं



## हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड

एनटीपीसी, सीआईएल, आईओसीएल, एफसीआईएल और एचएफसीएल का एक संयुक्त उद्यम

75वें गणतंत्र दिवस पर धनबाद वासियों को बधाई

## दिनेश सिंह

पूर्व पार्षद सह वरिष्ठ भाजपा नेता

75वें गणतंत्र दिवस पर धनबाद वासियों को बधाई

## डीएवी सिंदरी

75वें गणतंत्र दिवस पर धनबाद वासियों को बधाई

## कारू यादव

युवा नेता, झामुमो आशाकोठी, फुलारीटांड

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## डॉ शिवानी झा

स्त्री रोग विशेषज्ञ
श्री कृष्णा मातृ सदन

## विजय कु. झा

पूर्व बियाडा अध्यक्ष

75वें गणतंत्र दिवस पर धनबाद वासियों को बधाई

## रवि भूषण प्र.

अंचलाधिकारी बाघमारा

75वें गणतंत्र दिवस पर धनबाद वासियों को बधाई

## डॉ बी कुमार

प्राचार्य, कतरास कॉलेज कतरास

75वें गणतंत्र दिवस पर धनबाद वासियों को बधाई

## प्रेमलता कुमारी

झींझी पहाड़ी पंचायत

निवेदक : गणेश सर

गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

Affiliated to C.B.S.E. Board, New Delhi
Affiliation No. - 3430690

## AGRASEN SARASWATI VIDYA MANDIR

NEECHE BAZAR, P.O. + P.S. -CHIRKUNDA, DIST. DHANBAD (JH)
A CO-EDUCATIONAL ENGLISH MEDIUM SENIOR SECONDARY SCHOOL (10 + 2)

School Code - 66840 U.DISE No.-20120700115
Run & Managed by: SHREE SHREE SHIV JEEV THAKUR
Reg. No. IV - 16257/1887/2011
E-mail: asvm06@gmail.com website: www.asvmckd@.com

With Best complements from

# MAITHAN GROUP

CHIRKUNDA- 828202
DHANBAD

जय हिन्द

Let's celebrate the success of world's Largest Democracy and the values that make our country special. Happy 75th Republic Day to all.

# शुभकामना संदेश

## झारखण्ड सहित सभी देशवासियों को मेरी ओर से गणतंत्र दिवस की अनेक शुभकामनाएं

आज हम सभी हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्र के 75वें गणतंत्र दिवस मना रहे है। 26 जनवरी, 1950 को आज ही के दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। हम भारत के लोगों को यह गर्व है कि लंबी पराधीनता और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भारत के संविधान सभा के माध्यम से हमारे देश का संविधान निर्मित किया गया।

भारत का संविधान देशवासियों के लिए ऐसी संहिता है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श, देश के शासन और संस्कृति में विविधताओं को समावेशित करते हुए जनता के अधिकारों को देश के सामाजिक और राजनितिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से स्थापित किया है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावनाओं को एक सुत्र में पिरोते हुए भारत का संविधान विश्व के महानतम संविधानों में से एक है।

आईए हम सभी इस पावन अवसर पर भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए झारखण्ड सहित देश के सभी प्रांतों से रहे संविधान सभा के सदस्यों को याद करें। जिनके अथक प्रयास से देश के लोगों को स्वतंत्रता और संविधान प्राप्त हुए।

**जय हिन्द, जय भारत, जय झारखण्ड**



## रबीन्द्र नाथ महतो

अध्यक्ष,
झारखण्ड विधानसभा, रांची

### झारखंड हाइकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश रखा बरकरार, कहा

# वृद्ध पिता का भरण-पोषण करना पुत्र का पवित्र कर्तव्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उसे आदेश को बरकरार रखा जिसमें एक व्यक्ति के छोटे बेटे को 3000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुभाष चंद ने मामले में अपना ऑब्जरवेशन देते हुए कहा कि पिता के पास कुछ कृषि भूमि है, फिर भी वह उस पर खेती करने में सक्षम नहीं हैं। वह अपने बड़े बेटे पर भी निर्भर है, जिसके साथ वह रहता है। पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर हिस्सा दिया है, लेकिन 15 साल से अधिक समय से उनका भरण-पोषण उनके छोटे बेटे ने नहीं किया।

कोर्ट ने अपने ऑब्जर्वेशन में कहा कि अपने वृद्ध पिता का भरण-पोषण करना पुत्र का पवित्र कर्तव्य है। कोर्ट ने हिंदू धर्म में दिखाए गए माता-पिता के प्रति दायित्व का हवाला देते हुए कहा कि पिता तुम्हारा ईश्वर है और मां तुम्हारा स्वरूप है। वे बीज हैं आप पौधा हैं। उनमें जो भी अच्छा या बुरा है, यहां तक कि निष्क्रिय भी, वह आपके अंदर एक वृक्ष बन जाएगा। तो आपको अपने माता-पिता की अच्छाई और बुराई दोनों विरासत में मिलती हैं। एक व्यक्ति पर जन्म लेने के कारण कुछ ऋण होते हैं और उसमें पिता और माता का ऋण (आध्यात्मिक) भी शामिल होता है, जिसे हमें चुकाना होता है।

झारखंड हाइकोर्ट का यह फैसला आपराधिक पुनर्विचार याचिका में आया, जो फैमिली कोर्ट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। उक्त आदेश में आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत आवेदन की अनुमति दी गई, जिसमें याचिकाकर्ता को विरोधी पक्ष (पिता) को 3000/- रुपये की रखरखाव राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।

इस मामले में पिता द्वारा अपने छोटे बेटे के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण आवेदन दायर किया गया। यहां बता दे की पिता ने मनोज कुमार से प्रति माह 10,000 रुपये की भरण-पोषण राशि मांगी थी। ट्रायल कोर्ट ने पिता के पक्ष में फैसला सुनाया था, भरण-पोषण आवेदन मंजूर कर लिया और बेटे को पिता को भरण-पोषण के लिए 3000 रुपये प्रति माह देने का आदेश दिया था।

### हाइकोर्ट ने हजारीबाग के डीसी, एसडीओ और नगर आयुक्त को दिया 29 को उपस्थित होने का निर्देश

**रांची।** हजारीबाग के बिंदेश्वरी पथ स्थित शैलेंद्र कुमार गुप्ता की रैयती जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बनाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने 29 जनवरी को हजारीबाग के उपायुक्त, एसडीओ एवं नगर आयुक्त को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। दरअसल, हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा शैलेंद्र कुमार गुप्ता की जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया और उनके जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बना दिया गया। प्रार्थी ने नाली बनाए जाने के हजारीबाग नगर आयुक्त के आदेश को चुनौती दी है।

# हमारा दायित्व है हम विकसित भारत बनाने का संकल्प लें : बाबूलाल

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा'

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 'मेरा सारा तुझपे वारा : सरदार उधम सिंह की देशभक्ति यात्रा' विषय पर वार्षिकोत्सव 'श्रद्धा' बड़े उत्साह के साथ मनाया। उत्साह से भरे शानदार शाम की शुरुआत मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी, झारखंड विधानसभा सदस्य (पूर्व मुख्यमंत्री), प्रोफेसर (डॉ) सविता सेंगर, कुलपति, झारखंड राय यूनिवर्सिटी तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों के स्वागत और उनके द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद हेरिटेज बुक-रांची, माई सिटी का लोकार्पण किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत आर्केस्ट्रा के साथ स्वागत गीत शुभ स्वागतम से की गयी। दर्शकों ने नवोदित संगीतकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति की खूब सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका थी, जिसमें शहीद उधम सिंह की देशभक्ति को दर्शाया गया था। स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किये गये बलिदान को भी दर्शाया गया। जालियांवाला बाग नरसंहार और भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों के बलिदान के साथ-साथ शहीद उधम सिंह का बदला कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा था। शीर्षक गीत मेरा सारा तुझपे वारा की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन तथा विद्यालय गीत के बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने उधम सिंह पर आधारित इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि भले ही आजादी की लड़ाई में हम सशरीर शामिल नहीं थे, पर हम सब का आज यह दायित्व बनता है कि हम विकसित भारत बनाने का संकल्प करें।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के सफल आयोजन के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सरला बिरला परिवार के प्रयासों की सराहना की और विद्यालय के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं।




**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को राजभवन, दुमका में जिला कला संस्कृति संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक मुद्दे पर बनी वेब सीरीज चौखट के पोस्टर का विमोचन किया। मौके पर वेब सीरीज के मुख्य अभिनेता राहुल रंजन, जिला कला संस्कृति संघ के सचिव अशोक सिंह, जिला कला संस्कृति संघ के सह-सचिव अंजनी शरण एवं कलाकार उज्ज्वल गुप्ता मौजूद थे।**

# सीआरपीएफ के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाना सरकार का गलत एक्शन : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को रांची यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट सभागार में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सीआरपीएफ के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि सीआरपीएफ के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाने का एक्शन गलत है। उन्होंने कहा कि सीएम हाउस के पास जेएमएम के कार्यकर्ता हंगामा क्यों कर रहे थे और वहां सीआरपीएफ को आने की जरूरत की ही क्यों पड़ी? मालूम हो कि सीआरपीएफ के आईजी, कमांडेंट व पांच सौ अज्ञात जवानों के खिलाफ रांची के गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सदर सीओ मुंशी राम की शिकायत पर ये प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 20 जनवरी को ईडी की सीएम हेमंत सोरेन से आवास में पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी मामले में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

### सीएम आवास के पास गैर जरूरी भीड़ की वजह से आयी थी सीआरपीएफ

इसमें कहा गया है कि सीआरपीएफ के जवान सीएम हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित सरकारी आवास की ओर जाने का प्रयास करने लगे थे। उन्हें बैरिकेडिंग के अंदर जाने से रोका गया, तो वे उलझ गए। इस दौरान सीआरपीएफ की गाड़ियों के कारण चौक जाम हो गया था। काफी मशक्कत के बाद स्थिति संभाली गयी। मालूम हो कि जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने 20 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन से सात घंटे से अधिक की पूछताछ की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस के अलावा सीआरपीएफ के जवान भी मुस्तैद थे। ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय से लेकर सीएम आवास तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## खबर एक नजर में

### झारखंड राज्य पेंशनर समाज के प्रदेश महासचिव का निधन



**रांची।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज के प्रदेश महासचिव राम नारायण चौधरी का 25 फरवरी की सुबह 5.30 बजे दिवंगत हो गए। वे 92 बर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए। यह जानकारी उनके सुपुत्र जवाहर कुमार चौधरी ने दी। वे लगभग 15 बर्षों तक महासचिव के पद पर प्रशंसनीय कार्य किए। पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने दिवंगत महापुरुष को उनके आवास हरिहर सिंह रोड पहुंच कर पुष्प गुच्छ अर्पित करके श्रद्धांजलि समर्पित किया। उनके निधन पर झारखंड राज्य पेंशनर समाज के राज्य परामर्शी डॉ श्रीमोहन सिंह ने शोक जताया है।

### गणतंत्र दिवस पर अतिरिक्त पुलिस जवान रहेंगे तैनात

**रांची।** राजधानी रांची में गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस सर्तक है। गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी रांची में एक हजार अतिरिक्त पुलिस बल और एक 50 मजिस्ट्रेट की तैनाती होगी। शहर के अलग अलग चौक चौराहों पर अतिरिक्त ट्रेफिक पुलिस बल को तैनात की जाएगी। इसको लेकर शहर के हर चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाएगी। गणतंत्र दिवस को लेकर रांची पुलिस शहर के होटल और लॉज में छापेमारी कर रही है और संदिग्ध व्यक्ति की तलाश कर रही है। शहर में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। इसके अलावे शहर के कई रास्तों की यातायात को डाइवर्ट किया गया है।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस और नगर निगम का अभियान

**रांची।** शहर में अतिक्रमण को लेकर रांची पुलिस और नगर निगम की ओर से अभियान चलाया गया।अभियान में ट्रैफिक डीएसपी,कोतवाली डीएसपी,कोतवली थाना,लोअर बाजार और लालपुर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। सिटी एसपी ने सड़क पर ठेला और दुकान लगानेवालों को कड़ी चेतावनी दी। चेतावनी में कहा गया कि यदि सड़क पर यातायात बाधित हुई तो सभी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले जतरा महोत्सव के प्रतिनिधि

**रांची।** राष्ट्रीय जतरा समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। समिति ने मुख्यमंत्री को 31 जनवरी और 1 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जतरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड के अलावा अन्य पड़ोसी राज्यों के जनजातीय समुदायों के कलाकारों द्वारा पारंपरिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में समिति के अध्यक्ष अंतू तिकी, नीलम बिरुली, राधा हेंब्रम, सूरज टोप्पो, नरेश पाहन, अमित मुंडा, निरंजना हेरेंज टोप्पो, मोहन तिर्की, मिथिलेश कुमार, सुरेश मिर्धा, नारायण साहू, डब्लू मुंडा, विक्की करमाली और राजकिशोर साहू शामिल थे।

### अधिवक्ता पर बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के एक अधिवक्ता पर 10 वर्ष की बच्ची से छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों ने अधिवक्ता अरविन्द देवगढ़िया के खिलाफ रांची के सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़िता के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिये आवेदन में कहा है कि वकील अरविन्द देवगढ़िया ने लड़की को बहला फुसला कर अपने पास बुलाया और गलत नियत से छेड़छाड़ की। पुलिस ने अधिवक्ता पर पोक्सो एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। फिलहाल आरोपी अधिवक्ता फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। इधर, बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद विद्यानगर इलाके के लोग आक्रोशित हैं। छेड़छाड़ की पूरी घटना सीसीटीवी में भी दर्ज हो गई है, जिसे साक्ष्य के रूप के पुलिस को सौंप दिया गया है। उधर, टाटीसिलवे के आरा गेट के समीप ऑटो से घर जा रही एक युवती का बाइक सवार लगातार पीछा कर रहा था। क्रासिंग के पास युवती ऑटो से उतर कर जंगल की ओर भागी। जंगल की ओर जाने के बाद युवक वहीं पर युवती का इंतजार कर रहा था। व्हाटसएप्प ग्रुप में खबर वायरल होते ही टाटीसिलवे थाना पुलिस मौके वारदात पर छानबीन की।

### सीए सुमन कुमार सिंह से इडी ने की पूछताछ

**रांची।** मनरेगा घोटाला मामले में आरोपी और निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार सिंह से पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और धनबाद कोल स्कैम मामले में उनसे पूछताछ की। इस दौरान सीए सुमन कुमार सिंह ने कई अहम जानकारियों का खुलासा किया। गौरतलब हो कि सुमन कुमार सिंह मनरेगा घोटाला में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए हैं जिसे ईडी ने मामले में पूछताछ के बाद जेल भेजा था जो इस वक्त जमानत पर बाहर हैं।

### सीसीएल ने शुरू किया सीसीएल क्वेस्ट

**रांची।** सीसीएल ने एक नई पहल के रूप में गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर सीसीएल क्वेस्ट (बूझो तो जानें) क्विज की शुरूआत निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में की। इस क्विज के माध्यम से खनन, लाइफस्टाइल, स्वास्थ्य इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस प्रयास से सीसीएल को ऑनलाइन कम्युनिटी से जुड़ने का और बेहतर अवसर प्राप्त होगा, साथ ही साथ इस प्रश्नोत्तरी से ज्ञानवर्धन भी होगा। प्रत्येक माह के अंत में सीसीएल के फेसबुक पेज पर सही उत्तर देनेवालों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस क्विज श्रृंखला के प्रथम भाग में मैराथन से सम्बंधित प्रश्न पूछे जायेंगे और मैराथन के बारे में जागरूक किया जायेगा। ज्ञात हो कि आगामी 11 फरवरी को कोल इंडिया के तत्वावधान में द्वितीय कोल इंडिया मैराथन रांची में आयोजित किया जा रहा है।

### अब पत्नी को मेंटेनेंस लेने के लिए शादी का सबूत देने की जरूरत नहीं : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है कि पत्नी के रूप में साथ रह रही महिला को भरण पोषण (मेंटेनेंस) का अधिकार लेने के लिए शादी का पुख्ता सबूत देने की जरुरत नहीं है। खासकर जब साक्ष्य रिकॉर्ड के रूप में उपलब्ध हो। दरअसल रांची सिविल कोर्ट स्थित फैमिली कोर्ट ने मेंटेनेंस से जुड़े एक मामले में यह आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता अपनी पत्नी को 5 हजार रुपए प्रति माह भरण पोषण के लिए देगा। फैमिली कोर्ट के इस आदेश को पति राम कुमार रवि ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। भरण-पोषण के लिए दायर याचिका में पत्नी की ओर से कहा गया कि उसका पति 25,000 रुपये की मासिक आय के साथ मोबाइल रिपेयरिंग और रियल एस्टेट का कारोबार करता है। वहीं दिव्यांग आरक्षण केटेगरी में उसे सरकारी नौकरी भी मिल गई है, जिसके बाद उसने अपनी पत्नी को छोड़ दिया।

## राजभवन में एट होम समारोह में शामिल होंगी राज्य की 5 इंटरनेशनल प्लेयर्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को राजभवन रांची में एट होम समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य के 5 इंटरनेशनल प्लेयर्स को भी निमंत्रित किया गया है। इसमें इंटरनेशनल तीरंदाज कोमोलिका बारी और अंकिता भगत शामिल हैं। एथलेटिक्स में आशा किरण बारला, सुप्रीति कच्छप और सपना कुमारी भी शामिल की गयी है। इन खिलाड़ियों को इस कार्यक्रम में भागीदारी तय कराए जाने के संबंध में टाटा आर्चरी एकेडमी, टाटा की चीफ कोच पूर्णिमा महतो, साईं के वरीय एथलेटिक्स कोच विनोद कुमार सिंह और एथलेटिक्स कोच आशु भाटिया को भी सूचना दी गयी है। जिन पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उन्हें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विशिष्ट प्रदर्शन के आधार पर खेल निदेशालय, झारखंड के स्तर से फाइनल किया गया है। मालूम हो कि कोमोलिका बारी ने तीरंदाजी विश्व कप पेरिस 2021 में गोल्ड मेडल तथा यूथ आर्चरी चैंपियनशिप 2019 में गोल्ड मेडल हासिल किया था। अंकिता भगत ने तीरंदाजी विश्व कप पेरिस-2021 में गोल्ड मेडल जीता था। गुमला की आशा किरण बारला ने एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक तथा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। गुमला की सुप्रीति कच्छप ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक पाया था। वहीं, रामगढ़ की सपना कुमारी ने 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में कांस्य पदक जीता था।

### कोमोलिका, अंकिता भगत आशा किरण बारला, सुप्रीति कच्छप और सपना को मिला आने का न्योता

### पत्नी वर्किंग हो, फिर भी बच्चे के भरण-पोषण को पिता को देना होगा खर्च : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि भले ही पत्नी नौकरी करती हो और पैसा कमाती हो। फिर भी पिता अपने बच्चे के भरण-पोषण के लिए जवाबदेह है। दरअसल रांची के रहने वाले एक पति-पत्नी का तलाक का मामला फैमिली कोर्ट में चल रहा था, जिसमें कोर्ट ने यह आदेश दिया था कि पति अपने दो बच्चों को प्रति महीने 5-5 हजार रुपये गुजारा भत्ता देगा। इस आदेश के खिलाफ पति रघुवर सिंह ने हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की थी। रिवीजन याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान पति की ओर से अदालत में यह तर्क दिया गया था कि फैमिली कोर्ट ने बच्चों के लिए जो गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है, वह सही नहीं है। क्योंकि, उसकी पत्नी निभा सिंह नौकरी करती है और पैसा कमाती है।

## झारखंड में ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा : अल्पसंख्यक कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जननायक राहुल गांधी के झारखंड आगमन को ऐतिहासिक बनाने को तैयारी में गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी उमैर खान शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव अख्तर अली ने किया।

बैठक में उमैर खान ने कहा कि सामाजिक शैक्षणिक राजनीतिक बेरोजगार युवा साथी महिला के साथ जो अन्याय हो रहा है जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसे दूर करने के लिए 21वीं सदी के जननायक राहुल गांधी न्याय यात्रा के माध्यम से लोगों से मिलने आ रहें हैं। झारखंड में कार्यक्रम को किसी भी परिस्थिति में ऐतिहासिक बनाया जाएगा एवं अधिक से अधिक लोगों को राहुल गांधी जी से मिलने का अवसर प्रदान दिया जाएगा। कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए मंजूर अंसारी ने कहा कि यात्रा के गुजरने वाले आठो जिलों में राहुल गांधी के स्वागत के लिए सीमावर्ती बस्ती क्षेत्र में मंच बनाकर स्वागत कार्यक्रम करेगा। इसके जिला अध्यक्ष को अहम जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। न्याय यात्रा में अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा शर्ट, टोपी इत्यादि सामग्रियों का वितरण किया जाएगा ।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से उपाध्यक्ष दिलीप जॉन तिग्गा, उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी , एस रिजवी, महासचिव सोहराब अंसारी , मंजूर आलम, गुलाम जावेद, तौकीर अख्तर, शमशेर आलम, गुलरेज अंसारी, गुलाम रब्बानी, रुस्तम अली, गुलाम सरवर, हुसैन खान, सनाउल्लाह खान, जावेद इकबाल इत्यादि मौजूद थे।

# झारखंड में 29 जनवरी तक रहेगा ठंडी हवाओं का असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



### कोहरा और धुंध भी रहेगा, पश्चिमी सिंहभूम में हुई छिटपुट बारिश

**रांची।** राज्य भर में ठंडी हवाओं का असर देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो उत्तर पश्चिम से आ रही हवाओं के कारण राज्य में कनकनी का असर देखा जा रहा है। जिससे लोगों को अधिक ठंड का एहसास हो रहा है। विशेषकर सुबह और शाम के वक्त। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 29 जनवरी तक राज्य में कोहरा और धुंध का असर देखा जायेगा। इस दौरान ठंडी का असर राज्य के अधिकांश हिस्सों में देखा जायेगा।

केंद्र की मानें तो आने वाले दो दिनों में तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। वहीं ठंडी हवाओं का असर भी बरकरार रहेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी है। जहां पिछले तीन चार दिनों के दौरान बादल की वजह से तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी थी। वहीं, अब तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

ऐसे में सबसे न्यूनतम तापमान गुमला में 2.3 डिग्री दर्ज किया गया। लातेहार का तापमान चार डिग्री सेल्सियस रहा। चतरा और खूंटी का तापमान 5.5 डिग्री तापमान रहा। राजधानी रांची का तापमान इस दौरान 8 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान एक दो जगहों में बारिश भी रिकॉर्ड किया गया। इसमें किरीबुरू और पश्चिमी सिंहभूम में 4.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

हालांकि 29 जनवरी तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। सुबह शाम कोहरा के बाद दिन के समय बादल छाये रहेंगे। वहीं, राजधानी रांची में इस दौरान मौसम साफ रहेगा। यहां भी सुबह शाम कोहरा के बाद मौसम साफ रहेगा। जबकि ठंडी हवाओं के कारण लोगों को परेशानी हो सकती है।

### गणतंत्र दिवस में शामिल होने को सात कृषक दिल्ली रवाना

**रांची।** नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में झारखण्ड के मत्स्य कृषक पहली बार शामिल होंगे। इसके लिये मत्स्य निदेशालय की ओर से 07 मत्स्य कृषक दम्पतियों का चयन किया गया हैं। केंद्रसरकार की ओर से इन मत्स्य कृषक- दम्पतियों को विशेष अतिथि के रूप में सपत्नीक आमंत्रित किया गया हैं। इन्हे हवाई मार्ग से गुरूवार को नई दिल्ली ले जाया जा रहा है। दिल्लीआने-जाने उनके रहने व खाने की व्यवस्था राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) से की गई है। मत्स्य निदेशकमत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी ने बताया कि मत्स्य कृषकों दम्पतियोंको भारत सरकार की मात्स्यिकी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मनोनीत किया गया है। टीम का नेतृत्व शंभू प्रसाद यादव हैं। हवाई जहाज से दिल्ली यात्रा को लेकर मत्स्य कृषक उत्साहित है। गौरतलब है कि मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और प्रधानमंत्री मत्स्य सपंदा योजना के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि करने वाले मत्स्य कृषकों कों गणतत्र दिवस में शामिल करने के लिये आमंत्रित किया गया है।

# डीएसपीएमयू के पास आउट छात्रों को फरवरी में मिलेगी डिग्री !

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची कॉलेज (अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) से सत्र 2016-19 और 2017-20 में स्नातक और स्नातकोत्तर करने वाले छात्रों को डिग्री होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रदान की जायेगी। जिन छात्रों को अब तक डिग्री नहीं मिली है, उनकी संख्या लगभग 10 हजार के करीब है। छात्र अपनी डिग्री के लिए कई बार डॉ विश्वविद्यालय में आवेदन कर चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन दिया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 फरवरी को डिग्री देने की बात कही जा रही है।

**22 फरवरी को विवि में दीक्षांत समारोह :** 22 फरवरी को विवि में दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। इस दीक्षांत समारोह में पूर्व के सभी छात्रों को डिग्री दी जायेगी। जो छात्र दीक्षांत समारोह में शामिल होना चाहते हैं वे दीक्षांत समारोह का फार्म भर सकते हैं। इसके लिए 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। छात्रों का कहना है कि डिग्री लेने के लिए पहले रांची विश्वविद्यालय के चक्कर काटे, क्योंकि रांची कॉलेज रांची विश्वविद्यालय के अंदर ही आता था। इसके बाद छात्रों से कहा गया कि उनकी डिग्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से मिलेगी। इसके बाद छात्रों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय जाना शुरू किया, लेकिन वहा भी हर बार आश्वासन दिया जा रहा था। अब जा कर यह क्लियर हुआ है कि हमें कब डिग्री दी जायेगी।

### डीएसपीएमयू से निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एनएसएस और एनसीसी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और बड़ी संख्या में शिक्षकों और कर्मियों ने किया। इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे के साथ देशभक्ति के नारों, वंदे मातरम, जय जवान, जय किसान और जय हिंद, भारत माता की जय का उदघोष करते हुए अपनी यात्रा प्रारंभ की। यह तिरंगा यात्रा वापस डीएसपीएमयू में समाप्त हुई।

### जेबीवीएनएल के जवाब के इंतजार में विद्युत नियामक आयोग

**रांची।** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से नयी बिजली दरें घोषित की जानी है। नियामक आयोग की ओर से जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। दिसंबर में नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल से जनसुनवाई के दौरान मिली आपत्ति और सुझाव पर जवाब मांगा था। लेकिन इसमें से कुछ बिंदुओं का जवाब जेबीवीएनएल ने आयोग को दे दिया है, जबकि अन्य बिंदुओं पर जेबीवीएनएल जल्द आयोग को जवाब देगा। जेबीवीएनएल की ओर से आयोग को सौंपे जवाब के बाद आयोग की ओर से सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। सलाहकार समिति की बैठक आयोजित करने के बाद आयोग की ओर से नयी दरें घोषित की जायेगी। फिलहाल इसमें समय लगेगा। नियामक आयोग की मानें तो फरवरी में नयी बिजली दरें घोषित की जायेगी। जेबीवीएनएल की ओर से आयोग को सभी बिंदुओं पर जवाब देने के बाद ही आयोग आगे की कारवाई करेगा। जानकारी हो कि इसके पहले साल 2023 के जून में नयी बिजली दरें घोषित की गयी थी। अब फिर से आयोग नयी बिजली दरें घोषित करने वाला है।

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई



योगेंद्र प्रसाद महतो
अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई



उज्जवल पांडेय
थाना प्रभारी, कसमार
जिला-बोकारो

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई



नियोति कुमारी
प्रमुख कसमार प्रखंड
जिला-बोकारो

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई



ईश्वर रजक
समाजसेवी, मधुकरपुर पंचायत
जिला-बोकारो।

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई



कुमार अमित
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा झारखंड

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई




अमरेश कुमार महतो
मुखिया दुर्गापुर पंचायत सह
जेबीकेएसएस गोमिया
विधानसभा लोकसभा
पर्यवेक्षक व प्रभारी

गणतंत्र दिवस पर बोकारो जिलावासियों को हार्दिक बधाई



विक्रम कुमार महतो
केंद्रीय अध्यक्ष, जन संघर्ष एवं
कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड
सांस्कृतिक मंच




प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जिंदाबाद, गृहमंत्री अमित शाह जिंदाबाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जिंदाबाद
केंद्रीय कृषि मंत्री सह जन जातीय मंत्री अर्जुन मुंडा जिंदाबाद, , प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद



नरेंद्र भाई मोदी | अमित शाह | जेपी नड्डा | अर्जुन मुंडा | बाबूलाल मरांडी

75 वें गणतंत्र दिवस
पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे देशवासियों को
हार्दिक बधाई।
आइए, भारत वर्ष को दुनिया का सिरमौर बनाने में
अपना योगदान सुनिश्चित करने का संकल्प लें



आपका भाई
शिव शंकर सिंह
समाजसेवी, जमशेदपुर।

